हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

****

नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया–एआई इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 का आयोजन का आज तीसरा दिन है। पांच दिन का यह सम्मेलन, वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला वैश्विक एआई सम्मेलन है। बीस देशों के प्रतिनिधि इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

एआई इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 के तीसरे दिन एक शोध संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस संगोष्ठी में एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार करिस, भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद सहित कई प्रमुख व्यक्ति भाग ले रहे हैं। आज उद्घाटन सत्र और कार्य समूह की शुरुआत भी की जाएगी। इस सत्र में इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के व्यापक दृष्टिकोण, प्राथमिकताओं और कार्ययोजना पर चर्चा होगी। इसके अलावा "एसडीजी से आगे वैश्विक विकास को एआई कैसे बदलेगा" विषय पर एक विशेष सत्र भी आयोजित होगा।

****

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि AI पांचवीं औद्योगिक क्रांति है। नई दिल्ली में इंडिया AI इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 के दूसरे दिन मीडिया से बात करते हुए, मंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन आबादी की बड़े पैमाने पर बड़ी समस्याओं को हल करने के लिए एक प्लेटफार्म के तौर पर काम कर रहा है और युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि AI का इस्तेमाल पूरी आर्थिकता और समाज को बेहतर बनाने के साथ-साथ इस प्रौद्योगिकी से होने वाले नुकसान को संतुलित करने के लिए किया जा सकता है।

****

हरियाणा सरकार ने तकनीक आधारित नागरिक सेवाओं और स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए हरसमय पोर्टल पर 'लापता व्यक्तियों का पंजीकरण' सुविधा शुरू की है। साथ ही, सत्यापन सेवा प्रमाणपत्रों को डिजिलॉकर से जोड़ा गया है। नागरिक पोर्टल पर जीआईएस-आधारित पुलिस स्टेशन लोकेटर भी शुरू किया गया है, जिससे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करना अब और भी सरल हो गया है।

यह जानकारी कल चंडीगढ़ में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स की 32वीं बैठक में दी गई।

****

गुरुग्राम में कल स्वास्थ्य कर्मियों ने हरियाणा सरकार से ऑनलाइन तबादला नीति वापस लेने की मांग की। स्वास्थ्यकर्मियों ने गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डा. लोकवीर को महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं के नाम एक ज्ञापन दे कर यह मांग की।
उल्लेखनीय है कि हाल ही में हरियाणा सरकार ने मॉडल ऑनलाइन स्थानांतरण नीति-2025 के तहत ऑनलाइन तबादला अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस चरण में 29 विभागों एवं बोर्डों के 271 कैडरों को शामिल किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग भी शामिल है।
स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सरकार से अनुरोध किया है कि जो कर्मचारी अपनी इच्छा से अपना तबादला करवाना चाहें, केवल उन्हीं कर्मचारियों से ही ऑनलाइन आवेदन मांगें जाएं।

****

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र के जिला नागरिक अस्पताल में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से एमआरआई मशीन मुहैया करवाई गई है। आज पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने इस मशीन का उद्घाटन किया।
इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब मरीजों को बाहर की तुलना में कम दाम में एमआरआई जांच की सुविधा मिलेगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन पहले ही स्थापित की जा चुकी है और आने वाले समय में अन्य आधुनिक सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी।

****

फरीदाबाद नगर निगम की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने कल निगम के 2950 सफाई कर्मचारियों को ट्रैकसूट वितरित किए । कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हाजिरी शेड के लिए 82 मेडिकल किट , 82 टेबल और 82 कुर्सियाँ भी प्रदान की,ताकि कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें । महापौर ने कहा की सफाई कर्मचारियों की पूर्व में रखी गई मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है ।

****

हरियाणा में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है।कल रात से कई जगह छिटपुट बूंदाबांदी के साथ तापमान में गिरावट आई है।
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्रशेखर डागर ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले 24 घंटों में सिरसा हिसार,रेवाड़ी व नारनौल मे बारिश सहित कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी हुई है।
श्री डागर ने कहा कि आज भी इसका असर रहने की संभावना है। जिससे अगले दो दिन में रात्रि के तापमान में गिरावट दर्ज होगी।उस के बाद तापमान में बढ़ोतरी संभव है।
डॉक्टर चंद्रशेखर डागर ने किसानों को फसलों में आवश्यकता अनुसार सिंचाई करने की सलाह दी है क्योंकि बारिश कम ही हुई है।

****